મ-દની ચેનલ
દેખતે રહિયે

163 MADANI PHOOL (GUJARATI)

# 163 મ-દની ફૂલ



www.dawateislami.net


- પાની પીને કે 13 મ-દની ફૂલ 02
- ચલને કી 15 સુન્નતેં ઔર આદાબ 05
- તેલ ડાલને ઔર કંઘી કરને કે 19 મ-દની ફૂલ 09
- ઝુલ્ફોં ઔર સર કે બાલોં વગૈરા કે 22 મ-દની ફૂલ 14
- લિબાસ કે 14 મ-દની ફૂલ 19
- ઇમામે કે 25 મ-દની ફૂલ 23
- અંગૂઠી કે 19 મ-દની ફૂલ 28
- મિસ્વાક કે 20 મ-દની ફૂલ 32
- કબ્રિસ્તાન કી હાઝિરી કે 16 મ-દની ફૂલ 35


શૈખે તરીકત, અમીરે અહલે સુન્નત, બાનિયે દા'વતે ઇસ્લામી, હઝરત અલ્લામા મૌલાના અબૂ બિલાલ

**મુહમ્મદ ઇલ્યાસ અત્તાર કાદિરી ર-ઝવી**

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

# કિતાબ પઢને કી દુઆ

અઝ : શૈખે તરીકત, **અમીરે અહલે સુન્નત**, બાનિયે દા'વતે ઈસ્લામી, હઝરત અલ્લામા મૌલાના અબૂ બિલાલ મુહમ્મદ ઈલ્યાસ અત્તાર કાદિરી ર-ઝવી دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه

**દીની** કિતાબ યા ઈસ્લામી સબક પઢને સે પહલે ઝૈલ મેં દી હુઈ દુઆ પઢ લીજિયે اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ જો કુછ પઢેંગે યાદ રહેગા. દુઆ યેહ હૈ :

اَللّٰهُمَّ افْتَحْ عَلَيْنَا حِكْمَتَكَ وَانْشُرْ
عَلَيْنَا رَحْمَتَكَ يَا ذَا الْجَلَالِ وَالْاِكْرَام

**તરજમા** : ઐ અલ્લાહ عَزَّوَجَلَّ ! હમ પર ઈલ્મ વ હિકમત કે દરવાઝે ખોલ દે ઔર હમ પર અપની રહમત નાઝિલ ફરમા ! ઐ અ-ઝમત ઔર બુઝુર્ગી વાલે ! (اَلْمُستطرَف ج۱ص۴۰ دارالفکر بیروت)

**નોટ : અવ્વલ આખિર એક એક બાર દુરૂદ શરીફ પઢ લીજિયે.**

તાલિબે ગમે મદીના
વ બકીઅ
વ મગ્ફિરત

28 ર-જબુલ મુરજ્જબ 1426 હિ.

www.dawateislami.net

---

# 163 મ-દની ફૂલ

યેહ રિસાલા (**163 મ-દની ફૂલ**)

શૈખે તરીકત, અમીરે અહલે સુન્નત, બાનિયે દા'વતે ઈસ્લામી હઝરત અલ્લામા મૌલાના અબૂ બિલાલ **મુહમ્મદ ઈલ્યાસ અત્તાર કાદિરી ર-ઝવી ઝિયાઈ** دَامَتْ بَرَكَاتُهُمُ الْعَالِيَه ને ઉર્દૂ ઝબાન મેં તહરીર ફરમાયા હૈ.

મજલિસે તરાજિમ (દા'વતે ઈસ્લામી) ને ઈસ રિસાલે કો **ગુજરાતી** રસ્મુલ ખત મેં તરતીબ દે કર પેશ કિયા હૈ ઔર **મક-ત-બતુલ મદીના** સે શાએઅ કરવાયા હૈ. ઈસ મેં અગર કિસી જગહ કમી બેશી પાએં તો મજલિસે તરાજિમ કો (બ ઝરીઅએ મક્તૂબ યા ઈ-મેઈલ) મુત્તલઅ ફરમા કર સવાબ કમાઈયે.

**રાબિતા :** મજલિસે તરાજિમ (દા'વતે ઈસ્લામી) **મક-ત-બતુલ મદીના**
સિલેક્ટેડ હાઉસ, અલિફ કી મસ્જિદ કે સામને, તીન દરવાઝા,
અહમદઆબાદ-1, ગુજરાત, ઈન્ડિયા
MO. 9374031409
E-mail : translationmaktabhind@dawateislami.net

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ
اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ؕ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ؕ

# 163 મ-દની ફૂલ

શૈતાન લાખ સુસ્તી દિલાએ યેહ રિસાલા (40 સફહાત) આખિર તક પઢ લીજિયે اِنْ شَآءَاللّٰه عَزَّوَجَلَّ કાફી સુન્નતેં સીખને કો મિલેંગી.

## દુરૂદ શરીફ કી ફઝીલત

**સરકારે** મદીના, રાહતે કલ્બો સીના, સાહિબે મુઅત્તર પસીના صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم કા ફરમાને બા કરીના હૈ : ‘‘ઐ લોગો ! બેશક બરોઝે કિયામત ઉસ કી દહ્શતોં ઔર હિસાબ કિતાબ સે જલ્દ નજાત પાને વાલા શખ્સ વોહ હોગા જિસ ને તુમ મેં સે મુઝ પર દુન્યા કે અન્દર બ કસરત **દુરૂદ શરીફ** પઢે હોંગે.’’ (اَلْفِرْدَوس بمأثور الْخَطّاب ج٥ ص٢٧٧ حديث٨١٧٥)

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

મુખ્તલિફ ઉન્વાનાત પર મ-દની ફૂલ કબૂલ ફરમાઇયે, પેશ કર્દા હર હર મ-દની ફૂલ કો સુન્નતે રસૂલે મક્બૂલ عَلٰى صَاحِبِهَا الصَّلٰوةُ وَالسَّلَام પર મહમૂલ ન ફરમાઇયે, ઇન મેં સુન્નતોં કે ઇલાવા બુઝુર્ગાને દીન رَحِمَهُمُ اللّٰهُ الْمُبِيْن સે મન્કૂલ **મ-દની ફૂલ** કા ભી શુમૂલ હૈ. યેહ મસ્અલા યાદ રખિયે કે જબ તક યકીની તૌર પર મા’લૂમ ન હો કિસી અમલ કો ‘‘સુન્નતે રસૂલ’’ નહીં કહ સકતે.

**ઇસ** રિસાલે કે તમામ મ-દની ફૂલ હર મુસલ્માન કે લિયે કાબિલે કબૂલ હૈં ઔર ઇન કે મુતાબિક અમલ પર જન્નત કે હુસૂલ કી ઉમ્મીદ હૈ. મુબલ્લિગીન વ મુબલ્લિગાત કી ખિદમાત મેં અર્ઝ હૈ કે

**ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : જો શખ્સ મુઝ પર દુરૂદે પાક પઢના ભૂલ ગયા વોહ જન્નત કા રાસ્તા ભૂલ ગયા. (طبرانی)

અપને સુન્નતોં ભરે બયાન કે ઈખ્તિતામ પર મૌકઅ કી મુના-સબત સે ઈસ રિસાલે મેં દિયે હુએ કિસી ભી એક ઉન્વાન કે મ-દની ફૂલ બયાન ફરમા દિયા કરેં. હર ઉન્વાન કે પહલે ઔર બા'દ દી હુઈ સુતૂર ભી પઢ કર સુના દિયા કરેં.

**મીઠે મીઠે ઈસ્લામી ભાઈયો !** બયાન કો ઈખ્તિતામ કી તરફ લાતે હુએ **સુન્નત** કી ફઝીલત ઔર ચન્દ સુન્નતેં ઔર આદાબ બયાન કરને કી સઆદત હાસિલ કરતા હૂં. તાજદારે રિસાલત, શહન્શાહે નુબુવ્વત, મુસ્તફા જાને રહમત, શમ્એ બઝમે હિદાયત, નોશએ બઝમે જન્નત صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم કા ફરમાને જન્નત નિશાન હૈ : જિસ ને મેરી **સુન્નત** સે **મહબ્બત** કી ઉસ ને મુઝ સે **મહબ્બત** કી ઔર જિસ ને મુઝ સે **મહબ્બત** કી વોહ **જન્નત** મેં મેરે સાથ હોગા. (اِبنِ عَساکِر ج۹ص۳٤۳)

*સીના તેરી સુન્નત કા મદીના બને આકા*
*જન્નત મેં પડોસી મુઝે તુમ અપના બનાના*

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

# "કરમ યા રસૂલલ્લાહ" કે તેરહ હુરૂફ કી નિસ્બત સે પાની પીને કે 13 મ-દની ફૂલ

**દો ફરામીને મુસ્તફા** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : ❁ ઊંટ કી તરહ એક હી સાંસ મેં મત પિયો, બલ્કે દો યા તીન મરતબા (સાંસ લે કર) પિયો ઔર પીને સે કબ્લ **બિસ્મિલ્લાહ** પઢો ઔર ફરાગત પર اَلْحَمْدُ لِلّٰه કહા કરો (ترمذی ج۳ ص۳۵۲ حدیث ۱۸۹۲) ❁ નબિય્યે અકરમ صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيۡهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ને બરતન મેં સાંસ લેને યા ઉસ મેં ફૂંકને સે મન્અ ફરમાયા હૈ. (ابوداؤد ج۳ص ٤٧٤ حدیث۳۷۲۸) **મુફસ્સિરે શહીર** હકીમુલ **ઉમ્મત** હઝરતે

www.dawateislami.net

**ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : જિસ કે પાસ મેરા ઝિક્ર હુવા ઔર ઉસ ને મુઝ પર દુરૂદે પાક ન પઢા તહકીક વોહ બદ બખ્ત હો ગયા. (ابن سنی)

મુફ્તી અહમદ યાર ખાન عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان ઈસ હદીસે પાક કે તહ્ત ફરમાતે હૈં : બરતન મેં સાંસ લેના જાનવરોં કા કામ હૈ નીઝ સાંસ કભી ઝહરીલી હોતી હૈ ઈસ લિયે બરતન સે અલગ મુંહ કર કે સાંસ લો, (યા'ની સાંસ લેતે વક્ત ગિલાસ મુંહ સે હટા લો) ગર્મ દૂધ યા ચાય કો ફૂંકોં સે ઠન્ડા ન કરો બલ્કે કુછ ઠહરો, કદરે ઠન્ડી હો જાએ ફિર પિયો. (મિરઆત, જિ. 6, સ. 77) અલબત્તા દુરૂદે પાક વગૈરા પઢ કર બ નિય્યતે શિફા પાની પર દમ કરને મેં હરજ નહીં ❁ પીને સે પહલે **બિસ્મિલ્લાહ** પઢ લીજિયે ❁ ચૂસ કર છોટે છોટે ઘૂંટ પિયેં, બડે બડે ઘૂંટ પીને સે **જિગર કી બીમારી** પૈદા હોતી હૈ ❁ પાની તીન સાંસ મેં પિયેં ❁ બૈઠ કર ઔર સીધે હાથ સે પાની નોશ કીજિયે ❁ લોટે વગૈરા સે વુઝૂ કિયા હો તો ઉસ કા બચા હુવા પાની પીના 70 મરઝ સે શિફા હૈ કે યેહ આબે ઝમઝમ શરીફ કી મુશા-બહત રખતા હૈ, ઈન દો[2] (યા'ની વુઝૂ કા બચા હુવા પાની ઔર ઝમઝમ શરીફ) કે ઈલાવા કોઈ સા ભી પાની ખડે ખડે પીના મકરૂહ હૈ. (માખૂઝ અઝ : ફતાવા ર-ઝવિય્યા, જિ. 4, સ. 575, જિ. 21, સ. 669) યેહ દોનોં પાની કિબ્લા રૂ હો કર ખડે ખડે પિયેં ❁ પીને સે પહલે દેખ લીજિયે કે પીને કી શૈ મેં કોઈ નુક્સાન દેહ ચીઝ વગૈરા તો નહીં હૈ (اِتحافُ السّادَة للزّبيدی ج ٥ ص ٥٩٤) ❁ પી ચુકને કે બા'દ اَلْحَمْدُ لِلّٰه કહિયે ❁ **હુજ્જતુલ ઈસ્લામ** હઝરતે સય્યિદુના ઈમામ મુહમ્મદ બિન મુહમ્મદ બિન મુહમ્મદ ગઝાલી عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْوَالِى ફરમાતે હૈં : **બિસ્મિલ્લાહ** પઢ કર પીના શુરૂઅ કરે પહલી સાંસ કે આખિર મેં اَلْحَمْدُ لِلّٰه દૂસરે કે બા'દ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ઔર તીસરે સાંસ કે બા'દ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْم પઢે (احياءُ العُلوم ج ٢ ص ٨) ❁ **ગિલાસ** મેં બચે હુએ મુસલ્માન કે સાફ સુથરે ઝૂટે પાની કો કાબિલે ઈસ્તિ'માલ હોને કે બા વુજૂદ ખ્વાહ મ ખ્વાહ ફૈંકના ન ચાહિયે ❁ મન્કૂલ હૈ : سُؤْرُ الْمُؤْمِنِ شِفَاءٌ યા'ની મુસલ્માન કે

**ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : જિસ ને મુઝ પર દસ મરતબા સુબ્હ ઔર દસ મરતબા શામ દુરૂદે પાક પઢા ઉસે કિયામત કે દિન મેરી શફાઅત મિલેગી. (مجمع الزوائد)

ઝૂટે મેં શિફા હૈ (الفتاوی الفقهية الكبرى لابن حجر الهيتمي ج٤ص١١٧، كشف الخفاء ج١ص٣٨٤) ❁ પી લેને કે ચન્દ લમ્હોં કે બા'દ ખાલી ગિલાસ કો દેખેંગે તો ઉસ કી દીવારોં સે બહ કર ચન્દ કતરે પૈંદે મેં જમ્અ હો ચુકે હોંગે ઉન્હેં ભી પી લીજિયે.

**હઝારોં સુન્નતેં** સીખને કે લિયે **મક-ત-બતુલ મદીના** કી મત્બૂઆ દો[2] કુતુબ (1) **312** સફહાત પર મુશ્તમિલ કિતાબ **બહારે શરીઅત** હિસ્સા **16** ઔર (2) **120** સફહાત કી કિતાબ **"સુન્નતેં ઔર આદાબ"** હદિય્યતન હાસિલ કીજિયે ઔર પઢિયે. સુન્નતોં કી તરબિય્યત કા એક બેહતરીન ઝરીઆ **દા'વતે ઈસ્લામી** કે **મ-દની કાફિલોં** મેં આશિકાને રસૂલ કે સાથ સુન્નતોં ભરા સફર ભી હૈ.

***લૂટને રહમતેં કાફિલે મેં ચલો સીખને સુન્નતેં કાફિલે મેં ચલો***
***હોંગી હલ મુશ્કિલેં કાફિલે મેં ચલો ખત્મ હોં શામતેં કાફિલે મેં ચલો***

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

**મીઠે મીઠે ઈસ્લામી ભાઈયો !** બયાન કો ઈખ્તિતામ કી તરફ લાતે હુએ **સુન્નત** કી ફઝીલત ઔર ચન્દ સુન્નતેં ઔર આદાબ બયાન કરને કી સઆદત હાસિલ કરતા હૂં. તાજદારે રિસાલત, શહન્શાહે નુબુવ્વત, મુસ્તફા જાને રહમત, શમ્એ બઝમે હિદાયત, નોશએ બઝમે જન્નત صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم કા ફરમાને જન્નત નિશાન હૈ : જિસ ને મેરી **સુન્નત** સે **મહબ્બત** કી ઉસ ને મુઝ સે **મહબ્બત** કી ઔર જિસ ને મુઝ સે **મહબ્બત** કી વોહ **જન્નત** મેં મેરે સાથ હોગા. (اِبنِ عَساکِر ج٩ص٣٤٣)

***સીના તેરી સુન્નત કા મદીના બને આકા***
***જન્નત મેં પડોસી મુઝે તુમ અપના બનાના***

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

www.dawateislami.net

**ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : જિસ કે પાસ મેરા ઝિક્ર હુવા ઔર ઉસ ને મુઝ પર દુરૂદ શરીફ ન પઢા ઉસ ને જફા કી. (عبدالرزاق)

# “રાહે મદીના કા મુસાફિર” કે પન્દરહ હુરૂફ કી નિસ્બત સે ચલને કી 15 સુન્નતેં ઔર આદાબ

❁ પારહ **15 સૂરએ બની ઈસ્રાઈલ** આયત 37 મેં ઈર્શાદે રબ્બુલ ઈબાદ હૈ : وَلَا تَمْشِ فِی الْاَرْضِ مَرَحًا ۚ اِنَّكَ لَنْ تَخْرِقَ الْاَرْضَ وَلَنْ تَبْلُغَ الْجِبَالَ طُوْلًا ۝ **તર-જ-મએ કન્ઝુલ ઈમાન :** ઔર ઝમીન મેં ઈતરાતા ન ચલ, બેશક હરગિઝ ઝમીન ન ચીર ડાલેગા ઔર હરગિઝ બુલન્દી મેં પહાડોં કો ન પહોંચેગા ❁ દા’વતે ઈસ્લામી કે ઈશાઅતી ઈદારે **મક-ત-બતુલ મદીના** કી મત્બૂઆ 1197 સફહાત પર મુશ્તમિલ કિતાબ, “**બહારે શરીઅત**” જિલ્દ 3 સફહા 435 પર **ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم હૈ : એક શખ્સ દો ચાદરેં ઓઢે હુએ ઈતરા કર ચલ રહા થા ઔર ઘમન્ડ મેં થા, વોહ ઝમીન મેં ધંસા દિયા ગયા, વોહ કિયામત તક ધંસતા હી જાએગા (صَحِیح مُسلِم ص۱۱۵٦ حدیث ۲۰۸۸) ❁ સરવરે કાએનાત, શહન્શાહે મૌજૂદાત صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم બસા અવકાત ચલતે હુએ અપને કિસી સહાબી رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُ કા હાથ અપને દસ્તે મુબારક સે પકડ લેતે (اَلْمُعْجَمُ الْکَبِیر ج۷ ص ۲۷۷ حدیث ۷۱۳۲) ❁ **રસૂલે અકરમ, નૂરે મુજસ્સમ** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ચલતે તો કિસી કદર આગે ઝુક કર ચલતે ગોયા કે આપ બુલન્દી સે ઉતર રહે હૈં (الشمائل المحمدیة للترمذی ص۸۷ رقم ۱۱۸) ❁ ગલે મેં સોને યા કિસી ભી ધાત (યા’ની મેટલ) કી ચેન ડાલે, લોગોં કો દિખાને કે લિયે ગરીબાન ખોલ કર અકડતે હુએ હરગિઝ ન ચલેં કે યેહ અહ્મકોં, મગરૂરોં ઔર ફાસિકોં કી ચાલ હૈ. ગલે મેં સોને કી ચેન યા બ્રેસ્લેટ (BRACELET) પહનના મર્દ કે લિયે **હરામ** ઔર દીગર ધાતોં (યા’ની મેટલ્ઝ) કી ભી ના જાઈઝ હૈ ❁ અગર કોઈ રુકાવટ ન હો તો રાસ્તે કે કનારે કનારે દરમિયાની રફ્તાર સે ચલિયે,

www.dawateislami.net

ન ઈતના તેઝ કે લોગોં કી નિગાહેં આપ કી તરફ ઉઠેં કે દૌડે દૌડે કહાં જા રહા હૈ ! ઔર ન ઈતના આહિસ્તા કે દેખને વાલે કો આપ બીમાર લગેં. **અમ્રદ** કા હાથ ન પકડે, શહ્‌વત કે સાથ કિસી ભી ઈસ્લામી ભાઈ કા હાથ પકડના યા મુસા-ફહા કરના (યા'ની હાથ મિલના) યા ગલે મિલના **હરામ** ઔર જહન્નમ મેં લે જાને વાલા કામ હૈ ❁ રાહ ચલને મેં પરેશાન નઝરી (યા'ની બિલા ઝરૂરત ઈધર ઉધર દેખના) સુન્નત નહીં, નીચી નઝરેં કિયે પુર વકાર તરીકે પર ચલિયે. હઝરતે સય્યિદુના હસ્સાન બિન અબી સિનાન عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان નમાઝે ઈદ કે લિયે ગએ, જબ વાપસ ઘર તશરીફ લાએ તો અહલિયા (યા'ની બીવી સાહિબા) કહને લગીં : આજ કિતની ઔરતેં દેખીં ? આપ رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه ખામોશ રહે, જબ ઉસ ને ઝિયાદા ઈસ્રાર કિયા તો ફરમાયા : **"ઘર સે નિકલને સે લે કર, તુમ્હારે પાસ વાપસ આને તક મૈં અપને (પાઉં કે) અંગૂઠોં કી તરફ દેખતા રહા."** (کتابُ الوَرَع مع موسُوعه امام ابن ابی الدُّنیا ج۱ ص۲۰۵) سُبْحٰنَ اللّٰه ! **અલ્લાહ** વાલે રાહ ચલતે હુએ બિલા ઝરૂરત બિલ ખુસૂસ ભીડ કે મૌકઅ પર ઈધર ઉધર દેખતે હી નહીં કે મબાદા (યા'ની ઐસા ન હો) શરઅન જિસ કી ઈજાઝત નહીં ઉસ પર નઝર પડ જાએ ! યેહ ઉન બુઝુર્ગ رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه કા તક્વા થા, મસ્અલા યેહ હૈ કે કિસી ઔરત પર બે ઈખ્તિયાર નઝર પડ ભી જાએ ઔર ફૌરન લૌટા લે તો ગુનાહગાર નહીં ❁ કિસી કે ઘર કી બાલ્કની (BALCONY) યા ખિડકી કી તરફ બિલા ઝરૂરત નઝર ઉઠા કર દેખના મુનાસિબ નહીં ❁ ચલને યા સીઢી ચઢને ઉતરને મેં યેહ એહતિયાત કીજિયે કે જૂતોં કી આવાઝ પૈદા ન હો, હમારે પ્યારે પ્યારે આકા صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم કો જૂતોં કી ધમક ના પસન્દ થી ❁ રાસ્તે મેં

www.dawateislami.net

દો ઔરતેં ખડી હોં યા જા રહી હોં તો ઉન કે બીચ મેં સે ન ગુઝરેં કે હદીસે પાક મેં ઈસ કી મુમા-ન-અત આઈ હૈ (ابوداؤدج٤ص٤٧٠حدیث٥٢٧٣) ❁ રાહ ચલતે હુએ, ખડે બલ્કે બૈઠે હોને કી સૂરત મેં ભી લોગોં કે સામને થૂકના, નાક સિનકના, નાક મેં ઉંગલી ડાલના, કાન ખુજાતે રહના, બદન કા મૈલ ઉંગ્લિયોં સે છુડાના, પર્દે કી જગહ ખુજાના વગૈરા તહઝીબ કે ખિલાફ હૈ ❁ બા'ઝ લોગોં કી આદત હોતી હૈ કે રાહ ચલતે હુએ જો ચીઝ ભી આડે આએ ઉસે લાતેં મારતે જાતે હૈં, યેહ કત્અન ગૈર મુહઝ્ઝબ તરીકા હૈ, ઈસ તરહ પાઉં ઝખ્મી હોને કા ભી અન્દેશા રહતા હૈ, નીઝ અખ્બારાત યા લિખાઈ વાલે ડિબ્બોં, પેકિટોં ઔર **મિનરલ** વૉટર કી ખાલી બોતલોં વગૈરા પર લાત મારના **બે અ-દબી** ભી હૈ ❁ પૈદલ ચલને મેં જો કવાનીન ખિલાફે શર-અ ન હોં ઉન કી પાસદારી કીજિયે મ-સલન ગાડિયોં કી આ-મદો રફ્ત કે મૌકઅ પર સડક પાર કરને કે લિયે મુયસ્સર હો તો "ઝેબ્રા ક્રૉસિંગ" યા "ઓવર હેડ પુલ" ઈસ્તિ'માલ કીજિયે ❁ જિસ સમ્ત સે ગાડિયાં આ રહી હોં ઉસ તરફ દેખ કર હી સડક ઉબૂર કીજિયે અગર આપ બીચ સડક પર હોં ઔર ગાડી આ રહી હો તો ભાગ પડને કે બજાએ મૌકઅ કી મુના-સબત સે વહીં ખડે રહ જાઈયે કે ઈસ મેં હિફાઝત ઝિયાદા હૈ નીઝ રેલગાડી ગુઝરને કે અવકાત મેં **પટરિયાં** ઉબૂર કરના અપની મૌત કો દા'વત દેના હૈ, રેલગાડી કો કાફી દૂર સમઝ કર ગુઝરને વાલે કો જલ્દી યા બે ખયાલી મેં કિસી તાર વગૈરા મેં પાઉં ઉલઝ જાને કી સૂરત મેં ગિરને ઔર ઊપર સે રેલગાડી ગુઝર જાને કે ખતરે કો પેશે નઝર રખના ચાહિયે નીઝ બા'ઝ જગહેં ઐસી હોતી હૈં જહાં **પટરી** સે ગુઝરના હી ખિલાફે કાનૂન હોતા હૈ ખુસૂસન સ્ટેશનોં પર, ઈન કવાનીન પર અમલ કીજિયે ❁ ઈબાદત પર કુવ્વત હાસિલ

www.dawateislami.net

કરને કી નિય્યત સે હત્તલ ઈમ્કાન રોઝાના **પૌન ઘન્ટા** ઝિક્રો દુરૂદ કે સાથ પૈદલ ચલિયે اِنْ شَآءَاللّٰہ عَزَّوَجَلَّ સિહ્હત અચ્છી રહેગી. **ચલને કા બેહતર તરીકા** યેહ હૈ કે શુરૂઅ મેં 15 મિનટ તેઝ તેઝ કદમ, ફિર 15 મિનટ દરમિયાના, આખિર મેં 15 મિનટ ફિર તેઝ કદમ ચલિયે, ઈસ તરહ ચલને સે સારે જિસ્મ કો વરઝિશ મિલેગી, اِنْ شَآءَاللّٰہ عَزَّوَجَلَّ નિઝામે ઈન્હિઝામ (યા'ની હાઝિમા) દુરુસ્ત રહેગા, રીહ (GAS), કબ્ઝ, મોટાપા, દિલ કે અમરાઝ ઔર દીગર બે શુમાર બીમારિયોં સે ભી اِنْ شَآءَاللّٰہ عَزَّوَجَلَّ હિફાઝત હોગી.

**હઝારોં સુન્નતેં** સીખને કે લિયે **મક-ત-બતુલ મદીના** કી મત્બૂઆ દો[2] કુતુબ (1) **312** સફહાત પર મુશ્તમિલ કિતાબ **બહારે શરીઅત** હિસ્સા **16** ઔર (2) **120** સફહાત કી કિતાબ **''સુન્નતેં ઔર આદાબ''** હદિય્યતન હાસિલ કીજિયે ઔર પઢિયે. સુન્નતોં કી તરબિય્યત કા એક બેહતરીન ઝરીઆ **દા'વતે ઈસ્લામી** કે **મ-દની કાફિલોં** મેં આશિકાને રસૂલ કે સાથ સુન્નતોં ભરા સફર ભી હૈ.

www.dawateislami.net

***લૂટને રહમતેં કાફિલે મેં ચલો સીખને સુન્નતેં કાફિલે મેં ચલો***
***હોંગી હલ મુશ્કિલેં કાફિલે મેં ચલો ખત્મ હોં શામતેં કાફિલે મેં ચલો***

صَلُّوا عَلَی الْحَبِیْب ! صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلٰی مُحَمَّد

**મીઠે મીઠે ઈસ્લામી ભાઈયો !** બયાન કો ઈખ્તિતામ કી તરફ લાતે હુએ **સુન્નત** કી ફઝીલત ઔર ચન્દ સુન્નતેં ઔર આદાબ બયાન કરને કી સઆદત હાસિલ કરતા હૂં. તાજદારે રિસાલત, શહન્શાહે નુબુવ્વત, મુસ્તફા જાને રહમત, શમ્એ બઝમે હિદાયત, નોશએ બઝમે જન્નત صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم કા ફરમાને જન્નત નિશાન હૈ : જિસ ને મેરી **સુન્નત** સે **મહબ્બત** કી ઉસ ને મુઝ સે **મહબ્બત** કી ઔર જિસ ને મુઝ

સે **મહબ્બત** કી વોહ **જન્નત** મેં મેરે સાથ હોગા. (اِبنِ عَساکِر ج۹ ص۳٤۳)

*સીના તેરી સુન્નત કા મદીના બને આકા*

*જન્નત મેં પડોસી મુઝે તુમ અપના બનાના*

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

## "શાને ઈમામે આ'ઝમ અબૂ હનીફા" કે ઉન્નીસ હુરૂફ કી નિસ્બત સે તેલ ડાલને ઔર કંઘી કરને કે 19 મ-દની ફૂલ

❁ **હઝરતે** સય્યિદુના અનસ رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهُ ફરમાતે હૈં કે **અલ્લાહ** عَزَّوَجَلَّ કે **મહબૂબ, દાનાએ ગુયૂબ, મુનઝ્ઝહુન અનિલ ઉયૂબ** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم સરે અક્દસ મેં અક્સર તેલ લગાતે ઔર દાઢી મુબારક મેં કંઘી કરતે થે ઔર અક્સર સરે મુબારક પર કપડા (યા'ની સરબન્દ શરીફ) રખતે થે યહાં તક કે વોહ કપડા તેલ સે તર હો જાતા થા (اَلشَّمائِلُ الْمُحَمَّدِيَّة لِلتِّرمِذی ص٤٠ حدیث۳۲) મા'લૂમ હુવા "સરબન્દ" કા ઈસ્તિ'માલ સુન્નત હૈ, ઈસ્લામી ભાઈયોં કો ચાહિયે કે જબ ભી સર મેં તેલ ડાલેં, એક છોટા સા કપડા સર પર બાંધ લિયા કરેં, ઈસ તરહ اِنْ شَآءَ اللهعَزَّوَجَلَّ ટોપી ઔર ઈમામા શરીફ તેલ કી આલૂ-દગી સે કાફી હદ તક મહફૂઝ રહેંગે. اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ عَزَّوَجَلَّ સગે મદીના عُفِیَ عَنْهُ કા બરસહા બરસ સે બ નિય્યતે સુન્નત "સરબન્દ" ઈસ્તિ'માલ કરને કા મા'મૂલ હૈ

❁ **ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : "જિસ કે બાલ હોં વોહ ઉન કા **એહતિરામ** કરે" (ابوداؤد ج ٤ ص ١٠٣ حدیث٤١٦٣) યા'ની ઉન્હેં ધોએ, તેલ લગાએ ઔર કંઘી કરે (اَشِعَّةُ اللَّمعات ج٣ ص ٦١٧) સર ઔર દાઢી કે બાલ સાબુન વગૈરા સે ધોને કા જિન કા મા'મૂલ નહીં હોતા ઉન કે બાલોં મેં અક્સર બદબૂ હો જાતી હૈ ખુદ કો અગર્ચે બદબૂ ન આતી હો મગર દૂસરોં કો

**ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّی اللہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : જિસ કે પાસ મેરા ઝિક્ર હો ઔર વોહ મુઝ પર દુરૂદ શરીફ ન પઢે તો વોહ લોગોં મેં સે કન્જૂસ તરીન શખ્સ હૈ. (ترغیب و ترہیب)

આતી હૈ. મુંહ, બાલોં, બદન ઔર લિબાસ વગૈરા સે બદબૂ આતી હો ઈસ હાલ મેં મસ્જિદ કા દાખિલા હરામ હૈ કે ઈસ સે લોગોં ઔર ફ઼િરિશ્તોં કો ઈઝા હોતી હૈ. હાં બદબૂ હો મગર છુપી હુઈ હો જૈસે બગલ કી બદબૂ તો ઈસ મેં હરજ નહીં ❁ હઝરતે સય્યિદુના **નાફ઼ેઅ** رَضِیَ اللہُ تَعَالٰی عَنْہُ સે રિવાયત હૈ, **હઝરતે** સય્યિદુના ઈબ્ને ઉમર رَضِیَ اللہُ تَعَالٰی عَنْہُمَا દિન મેં દો2 મરતબા તેલ લગાતે થે (مُصَنَّف ابن اَبی شَیْبہ ج٦ص١١٧) બાલોં મેં તેલ કા બ કસરત ઈસ્તિ'માલ ખુસૂસન અહલે ઈલ્મ હઝરાત કે લિયે મુફ઼ીદ હૈ કે ઈસ સે સર મેં ખુશ્કી નહીં હોતી, દિમાગ તર ઔર હાફ઼િઝા કવી હોતા હૈ ❁ **ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّی اللہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم : "જબ તુમ મેં સે કોઈ તેલ લગાએ તો ભંવોં (યા'ની અબ્રૂઓં) સે શુરૂઅ કરે, ઈસ સે **સર કા દર્દ દૂર** હોતા હૈ" (اَلْجامِعُ الصَّغِیر ص٢٨ حدیث ٣٦٩) ❁ "**કન્ઝુલ ઉમ્માલ**" મેં હૈ : પ્યારે પ્યારે આકા, મક્કી મ-દની મુસ્તફા صَلَّی اللہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم જબ તેલ ઈસ્તિ'માલ ફરમાતે તો પહલે અપની ઉલટી હથેલી પર તેલ ડાલ લેતે થે, ફ઼િર પહલે દોનોં અબ્રૂઓં પર ફ઼િર દોનોં આંખોં પર ઔર ફ઼િર સરે મુબારક પર લગાતે થે (کَنْزُ الْعُمّال ج٧ ص٤٦ رقم ١٨٢٩٥) ❁ "**ત-બરાની**" કી રિવાયત મેં હૈ : **સરકારે** નામદાર, મદીને કે તાજદાર صَلَّی اللہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَ اٰلِہٖ وَسَلَّم જબ દાઢી મુબારક કો તેલ લગાતે તો "**અન્ફ઼કહ**" (યા'ની નિચલે હોંટ ઔર ઠોડી કે દરમિયાની બાલોં) સે ઈબ્તિદા ફરમાતે થે (اَلْمُعْجَمُ الْاَوْسَط ج٥ص٣٦٦ حدیث ٧٦٢٩) ❁ દાઢી મેં કંઘી કરના સુન્નત હૈ (اَشِعَّةُ اللَّمعات ج٣ ص٦١٦) ❁ બિગૈર **બિસ્મિલ્લાહ** પઢે તેલ લગાના ઔર બાલોં કો ખુશ્ક ઔર પરાગન્દા (યા'ની બિખરે હુએ) રખના ખિલાફ઼ે સુન્નત હૈ ❁ હદીસે પાક મેં હૈ : જો બિગૈર **બિસ્મિલ્લાહ** પઢે તેલ લગાએ તો 70 શયાતીન ઉસ કે સાથ શરીક હો જાતે હૈં

www.dawateislami.net

**ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّی اللّٰہ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم : ઉસ શખ્સ કી નાક ખાક આલૂદ હો જિસ કે પાસ મેરા ઝિક્ર હો ઔર વોહ મુઝ પર દુરૂદે પાક ન પઢે. (حاکم)

(عَمَلُ الْیَوْمِ وَاللَّیْلَۃِ لابن السُّنّی ص۳۲۷ حدیث ۱۷۳) ❁ **હુજ્જતુલ ઈસ્લામ** હઝરતે સય્યિદુના ઈમામ મુહમ્મદ બિન મુહમ્મદ બિન મુહમ્મદ ગઝાલી عَلَیْہِ رَحْمَۃُ اللّٰہِ الْوَالِی નકલ કરતે હૈં, **હઝરતે** સય્યિદુના અબૂ હુરૈરા رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ ફરમાતે હૈં : એક મરતબા મોમિન કે શૈતાન ઔર કાફિર કે શૈતાન મેં મુલાકાત હુઈ, કાફિર કા શૈતાન ખૂબ **મોટા તાઝા** ઔર અચ્છે લિબાસ મેં થા. જબકે મોમિન કા શૈતાન **દુબલા પતલા,** પરાગન્દા (યા'ની બિખરે હુએ) બાલોં વાલા ઔર બરહ્ના (યા'ની નંગા) થા. કાફિર કે શૈતાન ને મોમિન કે શૈતાન સે પૂછા : આખિર તુમ ઈતને કમઝોર ક્યૂં હો ? ઉસ ને જવાબ દિયા : મૈં એક ઐસે શખ્સ કે સાથ હૂં જો ખાતે પીતે વક્ત **બિસ્મિલ્લાહ** શરીફ પઢ લેતા હૈ તો મૈં ભૂકા વ પ્યાસા રહ જાતા હૂં, જબ તેલ લગાતા હૈ તો **બિસ્મિલ્લાહ** શરીફ પઢ લેતા હૈ તો મેરે બાલ પરાગન્દા (યા'ની બિખરે હુએ) રહ જાતે હૈં. ઈસ પર કાફિર કે શૈતાન ને કહા : મૈં તો ઐસે કે સાથ હૂં જો ઈન કામોં મેં કુછ ભી નહીં કરતા લિહાઝા મૈં ઉસ કે સાથ ખાને પીને, લિબાસ ઔર તેલ લગાને મેં શરીક હો જાતા હૂં (اِحیاءُ الْعُلوم ج ۳ ص ۶۰) ❁ **તેલ ડાલને સે કબ્લ** ''بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡم'' પઢ કર ઉલટે હાથ કી હથેલી મેં થોડા સા તેલ ડાલિયે, ફિર પહલે સીધી આંખ કે અબ્રૂ પર તેલ લગાઈયે ફિર ઉલટી કે, ઈસ કે બા'દ સીધી આંખ કી પલક પર, ફિર ઉલટી પર, અબ સર મેં તેલ ડાલિયે. ઔર દાઢી કો તેલ લગાએં તો નિચલે હોંટ ઔર ઠોડી કે દરમિયાની બાલોં સે આગાઝ કીજિયે ❁ સરસોં કા તેલ ડાલને વાલા ટોપી યા ઈમામા ઉતારતા હૈ તો બા'ઝ અવકાત બદબૂ કા ભબકા નિકલતા હૈ લિહાઝા જિસ સે બન પડે વોહ સર મેં ઉમ્દા ખુશ્બૂદાર તેલ ડાલે, ખુશ્બૂદાર તેલ બનાને કા એક આસાન તરીકા યેહ ભી હૈ કે ખોપરે કે તેલ કી શીશી મેં અપને પસન્દીદા ઈત્ર

www.dawateislami.net

કે ચન્દ કતરે ડાલ કર હલ કર લીજિયે, ખુશ્બૂદાર તેલ તય્યાર હૈ. સર ઔર દાઢી કે બાલોં કો વક્તન ફ વક્તન સાબુન સે ધોતે રહિયે ❀ ઔરતોં કો લાઝિમ હૈ કે કંઘી કરને મેં યા સર ધોને મેં જો બાલ નિકલેં ઉન્હેં કહીં છુપા દેં કે ઉન પર અજનબી (યા'ની ઐસા શખ્સ જિસ સે હમેશા કે લિયે નિકાહ હરામ ન હો) કી નઝર ન પડે (બહારે શરીઅત, જિ. 3, સ. 449) ❀ **ખા-તમુલ મુર-સલીન, રહ્મતુલ્લિલ આ-લમીન** صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم ને રોઝાના કંઘી કરને સે મન્અ ફરમાયા. (ترمذی ج٣ص٢٩٣حدیث ١٧٦٢) યેહ નહ્ય (યા'ની મુમા-ન-અત મકરૂહે) તન્ઝીહી હૈ ઔર મક્સદ યેહ હૈ કે મર્દ કો બનાવ સિંઘાર મેં મશ્ગૂલ ન રહના ચાહિયે (બહારે શરીઅત, જિ. 3, સ. 592) ઈમામ મુનાવી عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِى ફરમાતે હૈં : જિસ શખ્સ કો બાલોં કી કસરત કી વજહ સે ઝરૂરત હો વોહ મુત્લકન રોઝાના કંઘી કર સકતા હૈ (فَيضُ القدیر ج٦ ص٤٠٤) ❀ બારગાહે ર-ઝવિય્યત મેં હોને વાલે સુવાલ વ જવાબ મુલા-હઝા હોં, **સુવાલ :** કંઘા દાઢી મેં કિસ કિસ વક્ત કિયા જાએ ? **જવાબ :** કંઘે કે લિયે શરીઅત મેં કોઈ ખાસ વક્ત મુકર્રર નહીં હૈ એ'તિદાલ (યા'ની મિયાના રવી) કા હુક્મ હૈ, ન તો યેહ હો કે આદમી જિન્નાતી શક્લ બના રહે ન યેહ હો કે હર વક્ત માંગ ચોટી મેં ગિરિફ્તાર (ફતાવા ર-ઝવિય્યા, જિ. 29, સ. 92, 94) ❀ કંઘી કરતે વક્ત સીધી તરફ સે ઈબ્તિદા કીજિયે ચુનાન્ચે **ઉમ્મુલ મુઅમિનીન** હઝરતે સય્યિ-દતુના આઈશા સિદ્દીકા رَضِىَ اللّٰهُ تَعَالٰى عَنْهَا ફરમાતી હૈં : શહન્શાહે ખૈરુલ અનામ صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم હર કામ મેં દાઈં (યા'ની સીધી) જાનિબ સે શુરૂઅ કરના પસન્દ ફરમાતે યહાં તક કે જૂતા પહનને, કંઘી કરને ઔર તહારત કરને મેં ભી

**ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : મુઝ પર દુરૂદ શરીફ પઢો **અલ્લાહ** عَزَّوَجَلَّ તુમ પર રહમત ભેજેગા. (ابن عدی)

(بُخاری ج ۱ ص ۸۱ حدیث ۱۶۸) શારેહે બુખારી હઝરતે અલ્લામા બદરુદ્દીન ઐની હ-નફી عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِی ઈસ હદીસે પાક કે તહ્‌ત લિખતે હૈં : યેહ તીન3 ચીઝેં બતૌરે મિસાલ ઈર્શાદ ફરમાઈ ગઈ હૈં, વરના હર કામ જો ઈઝ્ઝત ઔર બુઝુર્ગી રખતા હૈ ઉસે સીધી તરફ સે શુરૂઅ કરના મુસ્તહબ હૈ જૈસે મસ્જિદ મેં દાખિલ હોના, લિબાસ પહનના, મિસ્વાક કરના, સુરમા લગાના, નાખુન તરાશના, મૂંછેં કાટના, બગલોં કે બાલ ઉતારના, વુઝૂ, ગુસ્લ કરના ઔર બૈતુલ ખલા સે બાહર આના વગૈરા ઔર જિસ કામ મેં યેહ (યા'ની બુઝુર્ગી વાલી) બાત નહીં જૈસે મસ્જિદ સે બાહર આને, બૈતુલ ખલા મેં દાખિલ હોને, નાક સાફ કરને, નીઝ શલવાર ઔર કપડે ઉતારતે વક્ત બાંઈ (યા'ની ઉલટી તરફ) સે ઈબ્તિદા કરના મુસ્તહબ હૈ (عُمدةُ القاری ج ۲ ص ۴۷۶) ❀ નમાઝે જુમુઆ કે લિયે તેલ ઔર ખુશ્બૂ લગાના મુસ્તહબ હૈ (બહારે શરીઅત, જિ. 1, સ. 774) ❀ રોઝે કી હાલત મેં દાઢી મૂંછ મેં તેલ લગાના મકરૂહ નહીં મગર ઈસ લિયે તેલ લગાયા કે દાઢી બઢ જાએ, હાલાંકે એક મુશ્ત (યા'ની એક મુઠ્ઠી) દાઢી હૈ તો યેહ બિગૈર રોઝે કે ભી મકરૂહ હૈ ઔર રોઝે મેં બ દ-ર-જએ ઔલા (ઐઝન, સ. 997) ❀ મય્યિત કી દાઢી યા સર કે બાલ મેં કંઘી કરના, ના જાઈઝ વ ગુનાહ હૈ. (دُرِّمُختار ج ۳ ص ۱۰۴) લોગ મય્યિત કી દાઢી મૂંડ ડાલતે હૈં યેહ ભી ના જાઈઝ ગુનાહ હૈ. ગુનાહ મય્યિત પર નહીં મૂંડને ઔર ઈસ કા હુક્મ કરને વાલોં પર હૈ.

*તેલ કી બૂંદેં ટપક્તી નહીં બાલોં સે રઝા*
*સુબ્હે આરિઝ પે લુટાતે હૈં સિતારે ગેસૂ* (હદાઈકે બખ્શિશ શરીફ)

**હઝારોં સુન્નતેં** સીખને કે લિયે **મક-ત-બતુલ મદીના** કી મત્બૂઆ દો2 કુતુબ (1) **312** સફહાત પર મુશ્તમિલ કિતાબ **બહારે**

www.dawateislami.net

**શરીઅત** હિસ્સા **16** ઔર (2) **120** સફહાત કી કિતાબ **"સુન્નતેં ઔર આદાબ"** હદિય્યતન હાસિલ કીજિયે ઔર પઢિયે. સુન્નતોં કી તરબિય્યત કા એક બેહતરીન ઝરીઆ **દા'વતે ઈસ્લામી** કે **મ-દની કાફિલોં** મેં આશિકાને રસૂલ કે સાથ સુન્નતોં ભરા સફર ભી હૈ.

*લૂટને રહમતેં કાફિલે મેં ચલો સીખને સુન્નતેં કાફિલે મેં ચલો*
*હોંગી હલ મુશ્કિલેં કાફિલે મેં ચલો ખત્મ હોં શામતેં કાફિલે મેં ચલો*

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

**મીઠે મીઠે ઈસ્લામી ભાઈયો !** બયાન કો ઈખ્તિતામ કી તરફ લાતે હુએ **સુન્નત** કી ફઝીલત ઔર ચન્દ સુન્નતેં ઔર આદાબ બયાન કરને કી સઆદત હાસિલ કરતા હૂં. તાજદારે રિસાલત, શહન્શાહે નુબુવ્વત, મુસ્તફા જાને રહમત, શમ્એ બઝમે હિદાયત, નોશએ બઝમે જન્નત صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم કા ફરમાને જન્નત નિશાન હૈ : જિસ ને મેરી **સુન્નત** સે **મહબ્બત** કી ઉસ ને મુઝ સે **મહબ્બત** કી ઔર જિસ ને મુઝ સે **મહબ્બત** કી વોહ **જન્નત** મેં મેરે સાથ હોગા. (اِبنِ عَساکِر ج۹ص۳٤۳)

*સીના તેરી સુન્નત કા મદીના બને આકા*
*જન્નત મેં પડોસી મુઝે તુમ અપના બનાના*

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

## "ગેસૂ રખના નબિય્યે પાક કી સુન્નત હૈ" કે બાઈસ હુરૂફ કી નિસ્બત સે ઝુલ્ફોં ઔર સર કે બાલોં વગૈરા કે 22 મ-દની ફૂલ

❁ ખા-તમુલ મુર-સલીન, રહ્‌મતુલ્લિલ આ-લમીન صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم કી મુબારક ઝુલ્ફેં કભી નિસ્ફ (યા'ની આધે) કાન

મુબારક તક તો ❁ કભી કાન મુબારક કી લૌ તક ઔર ❁ બા'ઝ અવકાત બઢ જાતીં તો મુબારક શાનોં યા'ની કન્ધોં કો ઝૂમ ઝૂમ કર ચૂમને લગતીં (الشمائل المحمدية للترمذی ص۱۸،۳۰،۳٤) ❁ હમેં ચાહિયે કે મૌકઅ બ મૌકઅ તીનોં સુન્નતેં અદા કરેં, યા'ની કભી આધે કાન તક તો કભી પૂરે કાન તક તો કભી કન્ધોં તક ઝુલ્ફેં રખેં ❁ કન્ધોં કો છૂને કી હદ તક ઝુલ્ફેં બઢાને વાલી સુન્નત કી અદાએગી ઉમૂમન નફ્સ પર ઝિયાદા શાક (યા'ની ભારી) હોતી હૈ મગર ઝિન્દગી મેં એક આધ બાર તો હર એક કો યેહ સુન્નત અદા કર હી લેની ચાહિયે, અલબત્તા યેહ ખયાલ રખના ઝરૂરી હૈ કે બાલ કન્ધોં સે નીચે ન હોને પાએં, પાની સે અચ્છી તરહ ભીગ જાને કે બા'દ ઝુલ્ફોં કી દરાઝી (યા'ની લમ્બાઈ) ખૂબ નુમાયાં હો જાતી હૈ લિહાઝા જિન દિનોં બઢાએં ઉન દિનોં ગુસ્લ કે બા'દ કંઘી કર કે ગૌર સે દેખ લિયા કરેં કે બાલ કહીં કન્ધોં સે નીચે તો નહીં જા રહે ❁ મેરે આકા **આ'લા હઝરત** رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰى عَلَيْه ફરમાતે હૈં : ઔરતોં કી તરહ કન્ધોં સે નીચે બાલ રખના મર્દ કે લિયે **હરામ** હૈ (તસ્હીલન ફતાવા ર-ઝવિય્યા, જિ. 21, સ. 600) ❁ **સદરુશ્શરીઅહ, બદરુત્તરીકહ** હઝરતે અલ્લામા મૌલાના મુફ્તી મુહમ્મદ અમજદ અલી આ'ઝમી عَلَيْهِ رَحْمَةُ اللّٰهِ الْقَوِی ફરમાતે હૈં : મર્દ કો યેહ જાઇઝ નહીં કે ઔરતોં કી તરહ બાલ બઢાએ, બા'ઝ સૂફી બનને વાલે લમ્બી લમ્બી લટેં બઢા લેતે હૈં જો ઉન કે સીને પર સાંપ કી તરહ લહરાતી હૈં ઔર બા'ઝ ચોટિયાં ગૂંધતે હૈં યા જૂડે (યા'ની ઔરતોં કી તરહ બાલ ઇકટ્ઠે કર કે ગુદ્દી કી તરફ ગાંઠ) બના લેતે હૈં યેહ સબ ના જાઇઝ કામ ઔર ખિલાફે શર-અ હૈં. **તસવ્વુફ** બાલોં કે બઢાને ઔર

રંગે હુએ કપડે પહનને કા નામ નહીં બલ્કે હુઝૂરે અક્દસ صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم કી પૂરી પૈરવી કરને ઔર ખ્વાહિશાતે નફ્સ કો મિટાને કા નામ હૈ (બહારે શરીઅત, જિ. 3, સ. 587) ❁ ઔરત કા સર મુંડવાના **હરામ** હૈ (ખુલાસા અઝ ફતાવા ર-ઝવિય્યા, જિ. 22, સ. 664) ઔરત કો સર કે બાલ કટવાને જૈસા કે ઇસ ઝમાને મેં નસરાની ઔરતોં ને કટવાને શુરૂઅ કર દિયે ના જાઇઝ વ ગુનાહ હૈ ઔર ઇસ પર લા'નત આઈ. શોહર ને ઐસા કરને કો કહા જબ ભી યેહી હુક્મ હૈ કે ઔરત ઐસા કરને મેં ગુનહગાર હોગી ક્યૂંકે શરીઅત કી ના ફરમાની કરને મેં કિસી (યા'ની માં બાપ યા શોહર વગૈરા) કા કહના નહીં માના જાએગા. (બહારે શરીઅત, જિ. 3, સ. 588) છોટી બચ્ચિયોં કે બાલ ભી મર્દાના તર્ઝ પર ન કટવાઇયે, બચપન હી સે ઇન કો ઝનાના યા'ની લમ્બે બાલ રખને કા ઝેહ્ન દીજિયે ❁ બા'ઝ લોગ સીધી યા ઉલટી જાનિબ માંગ નિકાલતે હૈં યેહ **સુન્નત** કે ખિલાફ હૈ ❁ **સુન્નત** યેહ હૈ કે અગર સર પર બાલ હોં તો બીચ મેં માંગ નિકાલી જાએ (ઐઝન) ❁ મર્દ કો ઇખ્તિયાર હૈ કે સર કે બાલ મુંડાએ યા બઢાએ ઔર માંગ નિકાલે. (رَدُّالْمُحتار ج٩ ص٦٧٢) ❁ **હુઝૂરે અક્દસ** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم **સે** દોનોં[2] ચીઝેં સાબિત હૈં. અગર્ચે મુંડાના સિર્ફ એહરામ સે બાહર હોને કે વક્ત સાબિત હૈ. દીગર અવકાત મેં મુંડાના સાબિત નહીં (બહારે શરીઅત, જિ. 3, સ. 586) ❁ આજ કલ કૈંચી યા મશીન કે ઝરીએ બાલોં કો મખ્સૂસ તર્ઝ પર કાટ કર કહીં બડે તો કહીં છોટે કર દિયે જાતે હૈં, ઐસે બાલ રખના **સુન્નત** નહીં ❁ **ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : ''જિસ કે બાલ હોં વોહ ઉન કા **ઇકરામ** કરે.'' (ابوداؤد ج ٤ ص ١٠٣ حديث ٤١٦٣) **યા'ની**

www.dawateislami.net

**ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : જિસ ને મુઝ પર એક બાર દુરૂદે પાક પઢા **અલ્લાહ** عَزَّوَجَلَّ ઉસ પર દસ રહમતેં ભેજતા હૈ. (مسلم)

ઉન કો ધોએ, તેલ લગાએ ઔર કંઘા કરે ❁ હઝરતે સય્યિદુના ઈબ્રાહીમ **ખલીલુલ્લાહ** عَلٰی نَبِیِّنَا وَعَلَیْهِ الصَّلٰوۃُ وَالسَّلَام ને સબ સે પહલે **મૂંછ** કે બાલ તરાશે ઔર સબ સે પહલે **સફેદ બાલ** દેખા. અર્ઝ કી : એ રબ ! યેહ ક્યા હૈ ? **અલ્લાહ** عَزَّوَجَلَّ ને ફરમાયા : ''એ ઈબ્રાહીમ ! યેહ **વકાર** હૈ.'' અર્ઝ કી : એ મેરે રબ ! મેરા **વકાર** ઝિયાદા કર. (موطّا ج ۲ ص ٤١٥ حديث ١٧٥٦) **મુફસ્સિરે** શહીર **હકીમુલ ઉમ્મત** હઝરતે મુફ્તી અહમદ યાર ખાન عَلَیْهِ رَحْمَۃُ الْحَنَّان ઈસ હદીસે પાક કે તહ્ત ફરમાતે હૈં : આપ સે પહલે કિસી નબી કી યા મૂંછેં બઢી નહીં યા બઢીં ઔર ઉન્હોં ને તરાશીં મગર ઉન કે દીનોં મેં મૂંછ કાટના હુક્મે શર-ઈ ન થા અબ આપ કી વજહ સે યેહ અમલ સુન્નતે ઈબ્રાહીમી હુવા (મિરઆત, જિ. 6, સ. 193) ❁ બુચ્ચી (યા'ની વોહ ચન્દ બાલ જો નીચે કે હોંટ ઔર ઠોડી કે બીચ મેં હોતે હૈં ઉસ) કે અગલ બગલ (યા'ની આસ પાસ) કે બાલ મુંડાના યા ઉખેડના બિદઅત હૈ (عالمگیری ج ٥ ص ٣٥٨) ❁ ગરદન કે બાલ મૂંડના મકરૂહ હૈ (ઐઝન, સ. 357) યા'ની જબ સર કે બાલ ન મુંડાએં સિર્ફ ગરદન હી કે મુંડાએં જૈસા કે બહુત સે લોગ ખત બનવાને મેં ગરદન કે બાલ ભી મુંડાતે હૈં ઔર અગર પૂરે સર કે બાલ મુંડા દિયે તો ઈસ કે સાથ ગરદન કે બાલ ભી મુંડા દિયે જાએં (બહારે શરીઅત, જિ. 3, સ. 587) ❁ ચાર ચીઝોં કે **મુ-તઅલ્લિક** હુક્મ યેહ હૈ કે દફ્ન કર દી જાએં, બાલ, નાખુન, હૈઝ કા લત્તા (યા'ની વોહ કપડા જિસ સે ઔરત હૈઝ કા ખૂન સાફ કરે), ખૂન (ઐઝન, સ. 588, عالمگیری ج ٥ ص ٣٥٨) ❁ મર્દ કો દાઢી યા સર કે સફેદ બાલોં કો સુર્ખ યા ઝર્દ રંગ કર દેના **મુસ્તહબ** હૈ, ઈસ કે લિયે મેહંદી લગાઈ જા સકતી હૈ ❁ દાઢી યા સર મેં મેહંદી લગા કર સોના

નહીં ચાહિયે. એક હકીમ કે બકૌલ ઈસ તરહ મેહંદી લગા કર સો જાને સે સર વગૈરા કી ગરમી આંખોં મેં ઉતર આતી હૈ જો બીનાઈ કે લિયે મુઝિર યા'ની નુક્સાન દેહ હૈ. હકીમ કી બાત કી તૌસીક યૂં હુઈ કે એક બાર સગે મદીના عُفِیَ عَنْہٗ કે પાસ એક નાબીના શખ્સ આયા ઔર ઉસ ને બતાયા કે મૈં પૈદાઈશી અન્ધા નહીં હૂં, અફસોસ કે સર મેં કાલી મેહંદી લગા કર સો ગયા જબ બેદાર હુવા તો મેરી આંખોં કા નૂર જા ચુકા થા ! ❁ મેહંદી લગાને વાલે કી મૂંછ, નિચલે હોંટ ઔર દાઢી કે ખત કે કનારે કે બાલોં કી સફેદી ચન્દ હી દિનોં મેં ઝાહિર હોને લગતી હૈ જો કે દેખને મેં ભલી મા'લૂમ નહીં હોતી લિહાઝા અગર બાર બાર સારી દાઢી નહીં ભી રંગ સકતે તો કોશિશ કર કે હર ચાર દિન કે બા'દ કમ અઝ કમ ઈન જગહોં પર જહાં જહાં સફેદી નઝર આતી હો થોડી થોડી મેહંદી લગા લેની ચાહિયે ❁ **"શર્હુસ્સુદૂર"** મેં હઝરતે સય્યિદુના અનસ رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنْہُ સે રિવાયત હૈ : જો શખ્સ દાઢી મેં ખિઝાબ (કાલે ખિઝાબ કે ઈલાવા મ-સલન લાલ યા ઝર્દ મેહંદી કા) લગાતા હો, ઈન્તિકાલ કે બા'દ **મુન્કર નકીર** ઉસ સે સુવાલ ન કરેંગે. **મુન્કર** કહેગા : ઐ **નકીર** ! મૈં ઉસ સે ક્યૂંકર સુવાલ કરૂં જિસ કે ચેહરે પર ઈસ્લામ કા નૂર ચમક રહા હૈ. (شَرحُ الصُّدُورص۱۰۲)

**હઝારોં સુન્નતેં** સીખને કે લિયે **મક-ત-બતુલ મદીના** કી મત્બૂઆ દો[2] કુતુબ (1) **312** સફહાત પર મુશ્તમિલ કિતાબ **બહારે શરીઅત** હિસ્સા **16** ઔર (2) **120** સફહાત કી કિતાબ **"સુન્નતેં ઔર આદાબ"** હદિય્યતન હાસિલ કીજિયે ઔર પઢિયે. સુન્નતોં કી તરબિય્યત કા એક બેહતરીન ઝરીઆ **દા'વતે ઈસ્લામી** કે **મ-દની**

**ફરમાને મુસ્તફા** صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم : જિસ કે પાસ મેરા ઝિક્ર હુવા ઔર ઉસ ને મુઝ પર દુરૂદે પાક ન પઢા તહકીક વોહ બદ બખ્ત હો ગયા. (ابن سنی)

**કાફિલોં** મેં આશિકાને રસૂલ કે સાથ સુન્નતોં ભરા સફર ભી હૈ.

*લૂટને રહમતેં કાફિલે મેં ચલો　સીખને સુન્નતેં કાફિલે મેં ચલો*

*હોંગી હલ મુશ્કિલેં કાફિલે મેં ચલો　ખત્મ હોં શામતેં કાફિલે મેં ચલો*

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

**મીઠે મીઠે ઈસ્લામી ભાઈયો !** બયાન કો ઈખ્તિતામ કી તરફ લાતે હુએ **સુન્નત** કી ફઝીલત ઔર ચન્દ સુન્નતેં ઔર આદાબ બયાન કરને કી સઆદત હાસિલ કરતા હૂં. તાજદારે રિસાલત, શહન્શાહે નુબુવ્વત, મુસ્તફા જાને રહમત, શમ્એ બઝમે હિદાયત, નોશએ બઝમે જન્નત صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم કા ફરમાને જન્નત નિશાન હૈ : જિસ ને મેરી **સુન્નત** સે **મહબ્બત** કી ઉસ ને મુઝ સે **મહબ્બત** કી ઔર જિસ ને મુઝ સે **મહબ્બત** કી વોહ **જન્નત** મેં મેરે સાથ હોગા. (ابنِ عَساکِر ج۹ص۳٤۳)

www.dawateislami.net

*સીના તેરી સુન્નત કા મદીના બને આકા*

*જન્નત મેં પડોસી મુઝે તુમ અપના બનાના*

صَلُّوا عَلَى الْحَبِيب ! صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلٰى مُحَمَّد

## "મ-દની હુલ્યા અપનાઓ" કે ચૌદહ હુરૂફ કી નિસ્બત સે લિબાસ કે 14 મ-દની ફૂલ

પહલે **તીન ફરામીને મુસ્તફા** صَلَّى اللّٰه تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم મુલા-હઝા હોં : ❁ જિન્ન કી આંખોં ઔર લોગોં કે સિત્ર કે દરમિયાન પર્દા યેહ હૈ કે જબ કોઈ કપડે ઉતારે તો **બિસ્મિલ્લાહ** કહ લે. (اَلْمُعْجَمُ الْاَ وْسَط ج۲ص۵۹حدیث ۲۰۰٤) **મુફસ્સિરે** શહીર **હકીમુલ ઉમ્મત** હઝરતે મુફ્તી અહમદ યાર ખાન عَلَيْهِ رَحْمَةُ الْحَنَّان ફરમાતે હૈં : જૈસે દીવાર ઔર પર્દે લોગોં કી નિગાહ કે લિયે આડ બનતે હૈં ઐસે હી યેહ, **અલ્લાહ** (عَزَّ وَجَلَّ) કા ઝિક્ર જિન્નાત કી

નિગાહોં સે આડ બનેગા કે જિન્નાત ઈસ (યા'ની શર્મગાહ) કો દેખ ન સકેંગે. (મિરઆત, જિ. 1, સ. 268) ❁ જો શખ્સ કપડા પહને ઔર યેહ પઢે : [1] اَلْحَمْدُلِلّٰهِ الَّذِىْ كَسَانِىْ هٰذَا وَرَزَقَنِيْهِ مِنْ غَيْرِحَوْلٍ مِّنِّىْ وَلَا قُوَّةٍ તો ઉસ કે અગલે પિછલે ગુનાહ મુઆફ હો જાએંગે (شُعَبُ الْاِيمان ج٥ ص١٨١حديث٦٢٨٥) ❁ જો બા વુજૂદે કુદરત ઝૈબો ઝીનત કા લિબાસ પહનના તવાઝોઅ (યા'ની આજિઝી) કે તૌર પર છોડ દે, **અલ્લાહ** તઆલા ઉસ કો કરામત કા હુલ્લા પહનાએગા (ابوداوٗد ج٤ص٣٢٦حديث ٤٧٧٨) ❁ **ખા-તમુલ મુર-સલીન, રહ્મતુલ્લિલ આ-લમીન** صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَ اٰلِهٖ وَسَلَّم કા મુબારક લિબાસ અક્સર સફેદ કપડે કા હોતા (كَشْفُ الْاِلْتِبَاس فِى اسْتِحْبابِ اللِّباس لِلشَّيْخ عبدالْحَقّ الدّهلَوى ص٣٦) ❁ લિબાસ હલાલ કમાઈ સે હો ઔર જો લિબાસ હરામ કમાઈ સે હાસિલ હુવા હો, ઉસ મેં ફર્ઝ વ નફલ કોઈ નમાઝ કબૂલ નહીં હોતી (اَيضاًص٤١) ❁ **મન્કૂલ** હૈ : જિસ ને બૈઠ કર ઈમામા બાંધા, યા ખડે હો કર સરાવીલ (યા'ની પાજામા યા શલવાર) પહની તો **અલ્લાહ** عَزَّوَجَلَّ ઉસે ઐસે મરઝ મેં મુબ્તલા ફરમાએગા જિસ કી દવા નહીં (اَيضاًص ٣٩) ❁ પહનતે વક્ત સીધી તરફ સે શુરૂઅ કીજિયે (કે સુન્નત હૈ) મ-સલન જબ કુરતા પહનેં તો પહલે સીધી આસ્તીન મેં સીધા હાથ દાખિલ કીજિયે ફિર ઉલટા હાથ ઉલટી આસ્તીન મેં (اَيضاً٤٣) ❁ ઈસી તરહ પાજામા પહનને મેં પહલે સીધે પાઇંચે મેં સીધા પાઉં દાખિલ કીજિયે ઔર જબ (કુરતા યા પાજામા) ઉતારને લગેં તો ઈસ કે બર અક્સ (ઉલટ) કીજિયે યા'ની ઉલટી તરફ સે શુરૂઅ કીજિયે ❁ દા'વતે



